नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 264/2021
Dt-3-8-2021

प्रबंध निदेशक,
बिहार औद्योगिक विकास प्राधिकार (BIADA),
बिहार, पटना।

विषयः—**मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर औद्योगिक प्रक्षेत्र में अवस्थित तालाब 'ड्योढ़ी पोखर' के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कराने अथवा नगर पंचायत, झंझारपुर द्वारा रख–रखाव करने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र देने के संबंध में।**

महाशय,

मधुबनी जिलान्तर्गत मेरे विधान सभा क्षेत्र झंझारपुर के औद्योगिक प्रक्षेत्र, झंझारपुर में अवस्थित तालाब 'ड्योढ़ी पोखर' बियाडा के नियंत्रणाधीन है। इस पोखर का वर्षों से जीर्णोद्धार नहीं होने के कारण गंदगी एवं जलकुंभी पौधे से भरा हुआ है, इसके कारण संक्रमण एवं बीमारी फैलने की आशंका बनी रहती है।

झंझारपुर शहर के बीच में स्थित यह पोखर धार्मिक महत्व से भी जुड़ा है। कार्तिक मास में आस्था का महापर्व 'छठ व्रत' के त्योहार में इसी पोखर में भगवान सूर्य का अर्घ्य दिया जाता था। वर्त्तमान समय में यह पोखर साफ–सफाई एवं देख–रेख के अभाव में अपना अस्तित्व खो दिया है। यह तालाब बियाडा के अधिकार क्षेत्र में होने के कारण अन्य संस्था इसका जीर्णोद्धार नहीं करा सकती है।

अतः अनुरोध है कि उक्त झंझारपुर औद्योगिक प्रक्षेत्र स्थित तालाब 'ड्योढ़ी पोखर' का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण हेतु योजना कार्यान्वित करने अथवा इसके रख–रखाव का दायित्व नगर पंचायत झंझारपुर को देने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करना चाहेंगे।

शुभकामनाओं के साथ,

भवदीय

Nitish Mishra

(नीतीश मिश्रा) 3.8.21

संलग्न—झंझारपुर औद्योगिक प्रक्षेत्र स्थित 'ड्योढ़ी पोखर' के वर्त्तमान स्थिति के फोटो की छायाप्रति।

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in